# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर राज.

## महिला प्रकोष्ठ 2023–24

## प्रतिवेदन

विश्व स्तनपान सप्ताह 01.08.2023 से 07.08.2023 के तहत दिनांक 02.08.2023 को महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य समिति एवं एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में स्तनपान की महत्ता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ. देवेन्द्र सरीन ने महाविद्यालय की छात्राओं को स्तनपान का महत्व बताते हुए कहा कि माँ का दूध अमृत तुल्य है व शिशु को सारी बीमारियों से बचाने में मदद करता है। उन्होंने स्तनपान से सम्बन्धित मिथ्या अवधारणाओं का खण्डन किया। कार्यक्रम में 50 छात्राओं ने व्याख्यान का लाभ लिया।



महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला नीति 2021 के निर्देशानुसार दिनांक 28.08.2023 को महिला प्रकोष्ठ, उडान समिति एवं स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अंजना गौतम ने । डॉ. अंजना गौतम ने छात्राओं को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। डॉ. मेघा जैन ने "ए टॉक ऑन स्पेक्ट्रा ऑफ होम्योपैथी विद स्पेशल रेफरेंस टू न्यूट्रिशन एडं रिलेटेड प्रॉब्लम्स फेस्ड बाय वूमेन" विषय पर छात्राओं के साथ चर्चा थी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मेघा जैन ने छात्राओं को बताया कि जीवन शैली एवं खान–पान में नियमित रूप से पोषण पर ध्यान देकर कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। वार्ता में 35 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।





राजस्थान पत्रिका

मीरा कॉलेज में स्वास्थ्य वार्ता आयोजित


उदयपुर. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में सोमवार को महिला प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य समिति एवं उड़ान समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन हुआ। अध्यक्षता. कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अंजना गौतम ने की। डॉ. गौंतम ने छात्राओं को स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी । डॉ. मेघा जैन ने ए टॉक ऑन स्पेक्ट्रा ऑफ होम्योपैथी विद स्पेशल रेफरेंस टू न्यूट्रिशन एंड रिलेटेड प्रॉब्लम्स फेस्ड बाय वूमेन विषयक पर चर्चा की। उन्होंनें कहा कि जीवन शैली एवं खानपान में नियमित रूप से पोषण पर ध्यान देकर कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. निधि शर्मा, स्वास्थ्य समिति प्रभारी डॉ. ताहिरा बानो, उड़ान समिति प्रभारी डॉ. कीर्ति माथुर, समिति सदस्य डॉ. मनीषा चौबीसा, डॉ. कहानी भानावत आदि मौजूद रहे। स्वागत डॉ. सोफिया नलवाया एवं धन्यवाद डॉ.ऋतु दुबे ने दिया।

दिनांक 18.09.2023 को महिला प्रकोष्ठ व स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में "Boosting Public Confidence in Pharma Covigilance" विषय पर स्वास्थ्य वार्ता का

आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. मीना बया ने छात्राओं को डाक्टर की सलाह लेकर व जानकारी करके ही दवा का प्रयोग करने पर बल दिया। विषय विशेषज्ञ डॉ. मीना आत्रे ने दवाइयों के प्रभाव व दुःश्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही छात्राओं की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। कार्यक्रम में 30 छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया।






दिनांक 19.12.2023 से 21.12.2023 तक स्किल डवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में उद्‌घाटन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अंजना गौतम द्वारा की गयी। कार्यशाला में विशेषज्ञ भद्रा जैन ने रेजीन आर्ट की बारिकियां छात्राओं को सिखाई।

अन्य विशेषज्ञ सोफिया जयपुरी ने बंजारा आर्ट, टाई एण्ड डाई एवं सन पेंटिग का प्रशिक्षण दिया। महाविद्यालय की छात्रा एश्वर्या राठौड ने पेपर काफ्ट का प्रशिक्षण दिया।


कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रो. अंजना गौतम ने छात्राओं द्वारा कार्यशाला के दौरान बनाये गये आर्ट की सराहना की। उपरोक्त कार्यशाला में 145 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।












महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 18.01.2024 को छात्राओं में सामाजिक विषयों के प्रति संवदेना विकसित करने हेतु शैक्षणिक भ्रमण के लिए वृद्वाआश्रम, तारा संस्थान आनंद भवन लेकर गए। जहां छात्राओं ने वृद्व जनों के साथ बातचीत की, उनकी समस्याओं को सुना साथ ही भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।



आयुक्तालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसाार दिनांक 12.02.2024 से 15.02.2024 तक छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत दिनांक 12.02.2024 को महिला प्रकोष्ठ व ICC. के तत्वावधान में प्रथम सत्र में डॉ. बालूदान बारहठ, सह–आचार्य राजनीति विज्ञान, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात ने भारत में महिलाओं के संवैधानिक अधिकार विषय पर व्याख्यान दिया। उक्त व्याख्यान में 43 छात्राओं ने भाग लिया। द्वितीय सत्र में प्रो. श्री राम शर्मा, पंच कर्म विभाग, आयुवैदिक कॉलेज उदयपुर ने महिला स्वास्थ्य विषय पर छात्राओं के साथ परिचर्चा की। 13.02.2024 को प्रोफेसर कानन सक्सेना ने छात्राओं से 'सेक्सुअल हेरेसमेंट' विषय पर विस्तार से चर्चा की। जिसमें 75 छात्राओं ने भाग लिया। जिसका विषय'महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका था। इस प्रतियोगिता में 9 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 14.02.2024 को ''महिला सशक्तिरण विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 15.02.2024 को विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं के योगदान विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 17 छात्राओं ने भाग लिया।

फरवरी को सुबह फतेह स्कूल के सामने स्थित फतेह बालाजी मंदिर में बजरंगबली के दर्शन करेंगे, यहां मेवाड़ी रनर्स , उदयपुर साइकलिंग क्लब और अन्य साइकलिंग क्लब्स के साइकिल राइडर्स उन्हें जोश में



भरने के साथ यहां से विदा करेंगे और जय श्री राम के नारों के साथ दोनों ही आयरन मैन यहां से रवाना होंगे। आयरन मैन ऋषभ जैन ने बताया कि 17 जनवरी को पहले दिन उदयपुर से कोटा 300 किलोमीटर, दूसरे दिन कोटा से शिवपुरी 230 किमी, शिवपुरी से कानपुर 327 किमी और चौथे दिन कानपुर से अयोध्या 220 किलोमीटर साइकिल चलाकर प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए पहुंचेंगे।

## छात्राओं की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

उदयपुर. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन पर 'विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं के योगदान विषय' पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसमें 17 छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. अंजना गौतम ने महिला प्रकोष्ट प्रभारी प्रोफेसर निधि शर्मा, प्रो. इंदु शर्मा, प्रो. मनीषा चौबीसा, डॉ. वैशाली देवपुरा एवं डॉ.रितु दुबे उपस्थित रहे।

## अवकाश अवधि में शिक्षक प्रशिक्षण का विरोध, भेजा ज्ञापन

उदयपुर . राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ देवनारायण जयंती व रविवार के अवकाश अवधि में शिक्षक प्रशिक्ष शिविरों के आयोजन पर विरोध जताते हुए स्थगित करने की मांग ... व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा



जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें केन्द्र और आसपास रहने वाले 53 ...

रोगियों को परामर्श दिया गया।

## महिला सशक्तीकरण पर स्लोगन प्रतियोगिता



उदयपुर. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को महिला प्रकोष्ठ के द्वारा महिला सशक्तीकरण मे शिक्षा की भूमिका विषयक पर स्लोगन प्रतियोगिता हुई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर अंजना गौतम ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह से सहभागिता की। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर निधि शर्मा के निर्देशन में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई।

## आश्रयहीन, असहाय के लिए चलेगा अभियान

उदयपुर . अपना घर आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप अग्रवाल ने बुधवार को अपना घर आश्रम









सत्र पर्यन्त आयोजित की गई महिला प्रकोष्ठ की समस्त गतिविधियों में सभी समिति सदस्यों डॉ.कीर्ति माथुर, डॉ. इन्दु शर्मा, डॉ. मनीषा चौबीसा, डॉ. वैशाली देवपुरा, डॉ. सोफिया नलवाया एवं डॉ. रितु दुबे का सक्रिय सहयोग रहा ।

कीर्ति माथुर

प्रभारी

महिला प्रकोष्ठ